सिटी ऑफ़ कूपर्टीनो, सेफ़ रूट्स 2 स्कूल कार्यक्रम
आपके स्कूल के सुरक्षित रास्तों के लिए आसान चरण!
एक प्राइमर माताओं-पिताओं के लिए ☺

पृष्ठभूमि

*कूपर्टीनो का 'सेफ़ रूट्स **2** स्कूल' कार्यक्रम (**SR2S**) ठीक उन सफल मॉडल कार्यक्रमों जैसा है जिन्होंने प्रभावी ढंग से ट्रैफिक दुर्घटनाओं को कम किया, स्कूलों में पैदल चलकर और साइकिल से आने वाले छात्रों की कमी को उलट दिया, और शैशवगत मोटापे तथा निष्क्रियता की राष्ट्रव्यापी खतरनाक प्रवृत्ति को घटाया।*

*यह साझेदारी, जो २०१४ में 'सिटी ऑफ़ कूपर्टीनो', कूपर्टीनो यूनियन स्कूल डिस्ट्रिक्ट, और फ्रेमोंट यूनियन हाई स्कूल डिस्ट्रिक्ट के बीच आरम्भ हुई, हम सब को एकजुट करती है स्वास्थ्य- और सुरक्षा-संबंधी उन समस्याओं को हल करने के लिए जो मूलतः वाहनों के अत्यधिक ट्रैफ़िक के कारण पैदा होती हैं. 'सेफ़ रूट्स 2 स्कूल' कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी के प्रयासों की आवश्यकता है—सिटी काउंसिल के स्टाफ़, स्कूलों के स्टाफ़, स्कूल डिस्ट्रिक्ट के स्टाफ़, समुदायिक स्वयंसेवकों, कानून लागू करने वाली एजेंसियों तथा **माताओं-पिताओं** के. हमने यह गाइड बनायी है जिससे 'सेफ़ रूट्स 2 स्कूल' कार्यक्रम की एक स्पष्ट समझ प्रदान की जा सके और माताओं-पिताओं को पता चल सके कि वे कैसे अपने आस-पास के स्कूलों में इसे प्रोत्साहित कर सकते हैं.*

SR2S के लक्ष्य

कूपर्टीनो 'सेफ़ रूट्स 2 स्कूल' इन पाँच रणनीतियों द्वारा सुरक्षा बढ़ाने, ट्रैफ़िक को कम करने, और पैदल, रोलिंग करके या कारपूल द्वारा स्कूल जाने वाले छात्रों की संख्या में वृद्धि करने के लिए प्रयासरत है:

1. कूपर्टीनो के स्कूलों में जाने वाले बच्चों और अभिभावकों के लिए मोटर चालकों, पैदल चालकों और साइकिल से सम्बंधित जानकारी बढ़ाना
2. शहर-व्यापी, ज़िला-व्यापी और विशिष्ट रूप से स्कूल-संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों द्वारा सक्रिय आवागमन गतिविधियों को प्रोत्साहित करना
3. मापना और मूल्यांकित करना कि कूपर्टीनो में छात्र स्कूल कैसे आते-जाते हैं, तथा कार्यक्रम के उद्देश्यों को मूर्त रूप देने के लिए इन नतीजों का प्रयोग करना
4. कूपर्टीनो को अधिक पैदल चलने योग्य और साइकिल चलाने योग्य बनाने के लिए बुनियादी ढाँचे को सुधारना
5. कानून प्रवर्तकों से सहयोग करके सुनिश्चित करना कि यातायात के नियमों का पालन हो रहा है

आसान चरण और उपलब्ध संसाधन

माता-पिता के रूप में 'सेफ़ रूट्स 2 स्कूल' कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने में आप प्रमुख भूमिका निभाते हैं. ये कुछ संसाधन हैं और तरीक़े हैं जिनसे आप अपने बच्चे के स्कूल में 'सेफ़ रूट्स लीडर' बन सकते हैं (आपकी प्रगति को मार्गदर्शन देने के लिए पृष्ठ 3 पर एक आसान चेकलिस्ट दी गई है):

सिटी ऑफ़ कूपर्टीनो, सेफ़ रूट्स 2 स्कूल कार्यक्रम
आपके स्कूल के सुरक्षित रास्तों के लिए आसान चरण!
एक प्राइमर माताओं-पिताओं के लिए ☺

- **चल पड़िये!** ट्रैफ़िक और ड्राइविंग से जुड़े कार्बन एमिशन को कम कीजिये, यातायात के कुछ नए तरीके अपनाकर:
  - साइकिल चलाने का अनुभव और उत्साह बढ़ाने के लिए अपने बच्चे/बच्चों के साथ सप्ताहांत में बाइक चलाएँ
  - अपने बच्चे/बच्चों को स्कूल तक पैदल चलने या रोल करने लिए प्रोत्साहित करें
  - संभव हो तो अपने बच्चे/बच्चों के साथ स्कूल तक पैदल चलिये या रोल करें

- 'सिटी ऑफ़ कूपर्टीनो' की सलाह लीजिए अपने रूट की योजना बनाने के लिए
- 'सेफ़ रूट्स 2 स्कूल' के बारे में अपनी जानकारी बढ़ाइये
  - *चरण 1:*इन वेबसाइटों पर जाएँ
    - Cupertino.org/saferoutes
    - Safe Routes National Partnership
  - *चरण 2:*कूपर्टीनो के 'सेफ़ रूट्स *2* स्कूल' वर्किंग ग्रुप में शामिल हों और मासिक बैठकों में जाएँ
    - ग्रुप में शामिल होने के लिए 'सेफ़ रूट्स 2 स्कूल' की कोऑर्डिनेटर को saferoutes@cupertino.org पर ई-मेल करें
    - अन्य माताओं-पिताओं को वर्किंग ग्रुप में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करें
  - *चरण 3: SR2S कार्यक्रम के बारे में जानकारी, इवेंट्स और अपडेट संबंधी ई-मेल पाने के लिए साइन-अप करें*
    - साइन-अप करने के लिए 'सेफ़ रूट्स 2 स्कूल' की कोऑर्डिनेटर को saferoutes@cupertino.org पर ई-मेल करें
- अपने आस-पास के लोगों से 'सेफ़ रूट्स 2 स्कूल' के बारे में जानकारी साझा कीजिये:
  - अपने स्कूल की PTA वेबसाइट पर कूपर्टीनो के 'सेफ़ रूट्स 2 स्कूल' के बारे में जानकारी दें – *a clickable link to blurb describing the program*
  - 'सेफ़ रूट्स' का कोई लेख अपने स्कूल के समुदाय, दोस्तों, और पड़ोसियों से साझा करें– *a clickable link to running content (like a list "newsletter idea 1" newsletter idea 2")*
  - सेफ़ रूट्स के फ़्लायर प्रिंट कर के अपने मित्रों/पड़ोसियों को दें–*a clickable link to program flyers and tip sheets*
- कोई इवेंट आयोजित कीजिये या सिटी काउंसिल द्वारा पहले से आयोजित इवेंट में भाग लीजिए!
  - 'सिटी' द्वारा आयोजित इवेंट:
    - प्रत्येक पतझड़ में आयोजित कूपर्टीनो के वार्षिक बाइक रोडियो में भाग लें: SR2S Events Page
    - 'सिटी' द्वारा प्रायोजित बाइक राइड में अपने बच्चों के साथ शामिल हों: SR2S Events Page
  - आपके स्कूल या मोहल्ले में आयोजित करने के लिए इवेंट:

सिटी ऑफ़ कूपर्टीनो, सेफ़ रूट्स 2 स्कूल कार्यक्रम
आपके स्कूल के सुरक्षित रास्तों के लिए आसान चरण!
एक प्राइमर माताओं-पिताओं के लिए ☺

- ☐ बाइक रोडियो या बाइक-सुरक्षा संबंधी प्रेज़ंटेशन का कार्यक्रम बनाइये
  - *चरण 1: अपने बच्चे के स्कूल में पता लगाएँ कि क्या ऐसा कोई कार्यक्रम पहले से निर्धारित किया गया है*
  - *चरण 2: यदि आपके बच्चे के स्कूल में कोई इवेंट नहीं होने वाला है तो स्कूल प्रशासन से एक कार्यक्रम निर्धारित करने के लिए कहें*
- ☐ एक 'बाइक एजुकेशन इवेंट' को अपने बच्चे के स्कूल तक लाइये
  - चरण *1: योजना बनाना आरम्भ करने के लिए* saferoutes@cupertino.org *पर ई-मेल करें*
- ☐ दोस्तों और पड़ोसियों के साथ मासिक 'वॉक डे' और 'रोल डे' आयोजित कीजिये (जैसे- "वॉकिंग वेन्सडे" या "मूविंग मनडे")
  - चरण *1:सहायता के लिए saferoutes@cupertino.org पर ई-मेल करें*
- ☐ स्कूल आने-जाने के लिए अपने मोहल्ले में कारपूल आयोजित कीजिये
- ☐ छात्रों के लिए एक 'वॉकिंग स्कूल बस' तैयार कीजिये
  - चरण *1: अधिक जानकारी के लिए 'वॉकिंग स्कूल बस गाइड' पढ़ें*
  - चरण *2: सहायता के लिए* saferoutes@cupertino.org *पर ई-मेल करें*
  - चरण *3: आगे की योजना बनाने के लिए अपने स्कूल प्रशासन से संपर्क करें*
- ☐ अपने मोहल्ले में एक बाइक/पैदल यात्री सुरक्षा की थीम पार्टी आयोजित कीजिये
  - *सहायता के लिए* saferoutes@cupertino.org *पर ई-मेल करें*

सरल चरण—चेकलिस्ट

यह आसान चेकलिस्ट तैयार की गई थी 'सेफ़ रूट्स 2 स्कूल' में शामिल होने के चरणों को आसान बनाने के लिए. इस लिस्ट को पूरा करते जाइये और कार्यक्रम के उद्घाटन के चरण पार करते जाइये. उसके बाद saferoutes@cupertino.org *पर संपर्क करके जानिये कि आप अपने कार्यक्रम को 'सेफ़ रूट्स टु स्कूल 2.0' तक कैसे बढ़ा सकते हैं.*

चरण 1→ चलिये

- ☐ अपने परिवार के साथ सप्ताहांत में साइकिल चलाएँ
- ☐ अपने बच्चे को स्कूल तक पैदल चलने या रोल करने लिए प्रोत्साहित करें
- ☐ अपने बच्चे के साथ स्कूल तक पैदल या रोलिंग कर के जाएँ

चरण 2 → खोजें

- ☐ Cupertino.org/saferoutes देखें
- ☐ 'सेफ़ रूट्स नैशनल पार्टनरशिप' देखें
- ☐ कूपर्टीनो 'सेफ़ रूट्स 2 स्कूल' वर्किंग ग्रुप में शामिल हों
- ☐ किसी अन्य माता-पिता को कूपर्टीनो 'सेफ़ रूट्स 2 स्कूल' वर्किंग ग्रुप में शामिल करवाएँ

सिटी ऑफ़ कूपर्टीनो, सेफ़ रूट्स 2 स्कूल कार्यक्रम
आपके स्कूल के सुरक्षित रास्तों के लिए आसान चरण!
एक प्राइमर माताओं-पिताओं के लिए ☺

- ☐ SR2S के बारे में ई-मेल अपडेट प्राप्त करें

चरण 3 → साझा करें

- ☐ अपने स्कूल की PTA वेबसाइट पर कूपर्टीनो 'सेफ़ रूट्स 2 स्कूल' के बारे एक ब्लर्ब पोस्ट करें
- ☐ कूपर्टीनो 'सेफ़ रूट्स 2 स्कूल' का कोई लेख अपने स्कूल के समुदाय से साझा करें
- ☐ कूपर्टीनो 'सेफ़ रूट्स 2 स्कूल' के फ़्लायर व अन्य संसाधन प्रिंट कर के अपने मित्रों और पड़ोसियों में बाँटें

चरण 4 → भाग लें

- ☐ 'सेफ़ रूट्स 2 स्कूल वर्किंग ग्रुप' की मासिक बैठकों में शामिल हों

चरण 5 → आयोजित कीजिये

- ☐ 'सिटी' के 'सेफ़ रूट्स 2 स्कूल फ़ॉल बाइक रोडियो' में शामिल हों
- ☐ 'सिटी' द्वारा प्रायोजित बाइक राइड में भाग लें
- ☐ अपने स्कूल-स्थल पर एक 'बाइक रोडियो' कार्यक्रम निर्धारित करें
- ☐ अपने स्कूल-स्थल पर एक बाइक शिक्षा इवेंट आयोजित करें
- ☐ अपने स्कूल में मासिक 'वॉक डे' और 'रोल डे' आयोजित करें
- ☐ स्कूल आने-जाने के लिए अपने मोहल्ले में एक कारपूल चलाएँ
- ☐ एक 'वॉकिंग स्कूल बस' का संचालन करें
- ☐ बाइक-/पैदल-चालक सुरक्षा की थीम पर ब्लॉक पार्टी प्लान करें

आपने यह लिस्ट पूरी कर ली? बहुत बढ़िया! अपने स्कूल के **SR2S** कार्यक्रम को और आगे बढ़ाने के लिए कृपया **saferoutes@cupertino.org** पर संपर्क कीजिये